NEWS इन ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद ।** जपला छतरपुर मुख्य रोड में ऊपरी मोड़ के समीप शनिवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में जपला शहर निवासी श्रवण प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मोनू कुमार अपने बाइक से जपला अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में एक साइकिल सवार को बचाने के दौरान वह बाइक से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अंबेडकर पार्क की बढ़ी सुन्दरता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने शहरवासियों को अंबेडकर पार्क के रूप में एक बड़ा तोहफा दिया है। शहर थाना के पास पहले से मौजूद बड़ा तालाब का सौंदर्यीकरण कर इसके इर्द गिर्द पार्क विकसित किया गया है। तालाब के बीचो बीच म्यूजिकल वाटर फाउंटेन लगाया गया है। जो पार्क में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा यहां टहलने के लिए पाथ वे, स्लोपिंग में लेमन घास, बैठने के लिए बेंच और बच्चों के झूलों के साथ-साथ ओपन जीम की भी व्यवस्था है। पार्क को हरा भरा रखने के लिए पेड़-पैधे भी लगाये गये हैं। साथ ही लाइटिंग का भी इंतजाम है। पार्क में घूमने आये विकास पांडे ने बताया कि शहर में ऐसी कोई जगह नहीं थी। जहां लोग घूम-टहल सकें। मॉर्निंग और इवनिंग वॉक भी सड़क पर करना पड़ता था। इससे कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती थी। इस पार्क के बन जाने से शहरवासियों को काफी लाभ मिल रहा है। वहीं, लोगो ने बताया कि तालाब के पास गंदगी पसरी रहती थी। इसका सौंदर्यीकरण कर पार्क बनवा देने से शहरवासियों को समय बिताने का एक अच्छा जगह मिला है। लोग यहां घूमने-टहलने के साथ-साथ योगा करने पहुंच रहे हैं। बच्चों के लिए भी खेलने-कुदने की अच्छी व्यवस्था है। पार्क में कुछ काम अब भी अधूरा है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे खिलाड़ी

**मेदिनीनगर।** आज ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के बैनर तले शहिदे आजम भगत सिंह नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मुखिया इलेवन और चियांकी फाइटर पहुंचे। जिसमें मुखिया इलेवन ने पी.वि फाइटर्स को 20 रन से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। चियांकि फाइटर्स ने सोल टेकर को 7 रन से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। दोनों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें चियंकी फाइटर्स ने 14 ओवर में 105 रन बना कर जीत अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के तौर पर समाज सेवी प्रयाग राज, विशिष्ट अतिथि वार्ड संख्या 06 पार्षद प्रत्याशी राहुल कुमार शामिल हुये। मौके पे समाजसेवी प्रयाग राज ने कहा की पलामू के खिलाड़ियों में प्रताभियो का कमी नहीं हैं, मगर उन्हें सही मंच ना मिल पाने के कारण वो आगे नहीं जा पाते। खिलाफी कभी हारते नहीं हैं। वो हार के भी जीत जाते हैं। हार को हार के रूप में नहीं देखे, उसको अपने जीत ही माने क्यों की मुकाबला वीरों में होता हैं। साथ ही इस आयोजन हर जगह करवाने की अपील की। वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी राहुल कुमार ने कहा कि अभि का समय पढ़ाई के साथ- साथ खेल की आवश्यकता हैं। मैं जायदा नहीं बोलूंगा क्यों की मैं नेता नही आप सभी का भाई हूं। मौके पर जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय, कौशल किशोर,हिमांशु रंजन, सोनू पांडेय,गौतम दुबे,भीम तिवारी, सर्वेश दुबे, मोहित कुमार, सौरभ सिंह, मोहित आनंद, अमरेश कुमार सिंह इत्यादि लोग मौजूद थें

# रैयतों का धरना 14वें दिन भी जारी दो दिन से भूख हड़ताल पर मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब गांव अंतर्गत बिजनीवार में रैयतों का धरना 14वें दिन भी जारी रहा। वहीं दो दिनों से सिमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान व समाजसेवी अखिलेश गुप्ता का भूख हड़ताल भी जारी है। आमरण अनशन के समर्थन में राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने कहा कि रैयतों की एनएच 98 के फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि व मकान से संबंधित उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे रैयत प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता से काफी गुस्से में हैं। रैयतों के आंदोलन को गति देने के लिए वे भी भूख हड़ताल पर बैठने की बात कही। मालूम हो कि रैयतों के आंदोलन को समर्थन देते हुए ढाब बाजार बंद कर व्यवसायियों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। लेकिन विभागीय पदाधिकारी अभी तक धरना स्थल




पर पहुंचकर रैयतों का हाल जानने का प्रयास नहीं किया। हरिहरगंज के सीओ बासुदेव राय ने बताया कि ढाब में रैयतो के धरना की जानकारी उन्हें मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि रैयतों की जमीन व मकान का उचित मुआवजा संबंधित मांग से वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। वही आमरण अनशन के दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे अनशन कारी अखिलेश गुप्ता की तबीयत बिगड़ी बावजूद कोई चिकित्सक उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंचे। आमरण अनशन में परशुराम मेहता, सिकेंद्र मेहता, शिवपूजन मेहता, गोविंद यादव, अजय जायसवाल, कृष्णा मेहता, शेषनाग मेहता, सुदामा प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, महाराज मेहता, ललन मेहता, कमलेश यादव उर्फ मुलायम, राजू गुप्ता, जयराम मेहता, दीपक सिंह, जमुना साव, नंदकिशोर पासवान, पवन मेहता, श्यामलाल यादव आदि शामिल थे।

## बुजुर्गों को मिलेगी सहूलियत, भटकने की जरूरत नहीं : ईश्वर सागर

**पांडू।** प्रखंड के कुटमू पंचायत अंतर्गत राजस्व कर्मचारी भवन का शिल्यानास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि कर्मचारी भवन हर पंचायत में उपलब्ध होना अति आवश्यक कार्य है। जनता को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ती है। हर कार्य कर्मचारी के द्वारा सुलभता के साथ कराया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव विश्रामपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, पांडू प्रखंड के मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर, मनोरंजन गुप्ता, विश्रामपुर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष रोहित तिवारी, रामानंद तिवारी, प्रखंड के युवा मंडल अध्यक्ष जनक शर्मा उपस्थित थे ।

## शौचालय में तब्दील आंगनबाड़ी केंद्र किशुनपुर

# 5 लाख 40 हजार वाला आंगनबाड़ी भवन बेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** सरकार बाल विकास परियोजना के तहत राज्य के आँगन बाड़ी केंद्र को शिक्षा के उद्देश्य से मॉडल बनाना चाह रही है। इसके लिए विभाग के द्वारा करोड़ो खर्च किए जा रहे हैं। क्योंकि छोटे-छोटे नौनिहालो की देखभाल व शिक्षा का केंद्र आँगन बाड़ी केंद्र है। इस उद्देश्य से सरकार केंद्र की आधुनिकीकरण पर जोर-शोर से काम कर रही है। लेकिन विभाग की देख-रेख में उदासीन रवैये के कारण सरकार इसमें फेल होती दिख रही है। यही हाल है पाटन प्रखंड अंतर्गत किशुनपुर आँगन बाड़ी केंद्र कोड संख्या तीन का । जहाँ चार साल पहले लाखों की लागत से केंद्र का भवन बन कर तो तैयार हो गया, लेकिन अभी तक उसमें आँगन बाड़ी केंद्र संचालित नहीं हो रहा है। साथ ही यह शौचालय के लिए प्रयोग किया जा रहा है। वहीं सेविका भवन रहते किराये के घर में केंद्र चल रहा है। आज तक न ही बाल विकास परियोजना के कोई अधिकारी



**क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र भगवान को साफ सुथरा करा कर स्वतः चालू किया जायेगा।

उस भवन की सुध-बुध लिये न ही सेविका वहाँ केंद्र चलाना चाहती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सेविका अपने घर के पास ही चलाना चाहती हैं । घर से दूर नहीं जाना चाहती। ऐसे में शिक्षा का अलख कैसे जगेगा। अगर विभाग इस पर ध्यान नहीं दी तो ऐसे कई भवन हैं जो भविष्य में खंडहर में परिवर्तित हो जाएंगे। किशुनपुर आँगन बाड़ी केंद्र का भवन के बारे में मुखिया सुमन गुप्ता का कहना है कि भवन तालाब के किनारे बन गया है। इसलिए वहाँ केंद्र संचालित करने में परेशानी हो रही है। सवाल है कि भवन निर्माण का स्थल चयन फिर गलत जगह क्यों किया गया। इससे प्रतित होता है कि यह भवन निर्माण सिर्फ ठेकेदारी के लिए ही किया गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता व परिवारजनों से मिला प्रतिनिधिमंडल




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी की अगुवाई में 20 सूत्री के सदस्यों ने कांग्रेस प्रतिमण्डल ने दुष्कर्म पीड़िता के गांव पहुँचकर पीड़िता एवं परिवारजनों ने घटना की पूरी जानकारी ली। तथा पीड़िता एवं परिवारजनों को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता दिलाने हेतु प्रशासन से मांग करने को कहा। बिमला कुमारी ने कहा की पीड़िता दलित परिवार से आती है। उन्होंने कहा कि परिवारजनों को भयाक्रांत नहीं करें। बिमला देवी के साथ प्रतिनिमण्डल के सदस्यों ने पाटन थाना पहुँचकर थाना प्रभारी वरुण कुमार से मिलकर अनुसंधान में अब तक हुई प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा सभी आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा की स्पेशल कोर्ट में ट्रायल होनी चाहिए ताकि पीड़िता को जल्द न्याय मिले। परिवारजनों ने भी जल्द से जल्द ऐसे कुकर्मियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सत्यानन्द दुबे, पाटन 20 सूत्री अध्यक्ष रामानन्द पांडेय, उपाध्यक्ष उमा सिंह, कमेश पांडेय, आदि सम्मिलित थे।

# बीडीओ सह एमओ से खाद्यान्न नहीं वितरण किये जाने की शिकायत

## खाद्यान्न वितरण कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विश्रामपुर नगर परिषद स्थित मधुरीडिह तनुवाही टोला निवासी स्थानीय महिला-पुरुष कार्डधारियों के द्वारा डीलर मलका आरा की शिकायत विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से की है। लोगों का आरोप है कि प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न अक्टूबर व नवंबर महीने का लाभुकों के बीच वितरित नहीं किया गया है। डीलर मलका आरा उरसुला की रहने वाली हैं। लाभुक जब दुकान पर जाकर खाद्यान्न संबंधित जानकारी लेते हुए खाद्यान्न की मांग करते हैं तो उनके साथ डीलर व उनके परिवार के सदस्य मारपीट पर उतारू हो जाते



हैं। डीलर के द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद राशन कार्ड पर खाद्यान्न उठाव कर लिया जाना चढ़ा दिया जाता है। जबकि डीलर अंगूठा लगाने के बाद बाद में खाद्यान्न देने की बात कह कर बाद में आने की बात कही जाती है। बाद में खाद्यान्न की मांग किए जाने परे डीलर व उनके परिजनों के द्वारा कहा गया कि खाद्यान्न अभी किसी भी स्थिति में वितरित नहीं की जा सकती। जहां भी शिकायत करना हो कार्ड धारी करने को स्वतंत्र हैं। इस संबंध में मधुरीडीह निवासी सबिना दवी, छोटी देवी, मीरा देवी, अनीता देवी, रीता देवी, लदनी देवी, उदय यादव, कृष्णा यादव आदि लोगों ने शिकायत की है। साथ ही अक्टूबर और नवंबर महीने का खाद्यान्न वितरण कराने की भी मांग की है।

# पथरा व सड़ेया की टीमें पहुंची सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पहले मैच में पथरा का सामना पांती से हुआ। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। लेकिन दूसरे हाफ में पथरा की टीम ने आक्रमक खेल खेलते हुए एक गोल कर



बढ़त बना ली और अंत तक इस बढ़त को कम होने नही दिया और 1-0 से जीत हासिल किया तथा सेमीफाइनल में अपना स्थान हासिल किया। दूसरे मैच में इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रहे सड़ेया का सामना रानी देवा से हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रही। 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, उसमें भी गोल नहीं हो सका। अंत में फैसला पेनाल्टी सूट में हुआ और सड़ेयां 4-2 से रानी देवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम व विशिष्ट अतिथि एसबीएस कॉलेज के लिपिक दिलीप सिंह तथा रामप्रवेश सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया । क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी अच्छे खेल के बदौलत आज सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं, जिस प्रकार आप सभी ने संयम के साथ पूरे अनुशासन में सहजता के साथ खेला है,वह सराहनीय है। मौके पर समाजसेवी अजय सिंह, राकेश सिंह (वकील), अनुज सिंह, कूटू बाबा, गणेश प्रजापति, सगीर अहमद, प्रोफेशर संजय सिंह, अशोक सिंह, इशरार अहमद ,कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्य सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। सोमवार 19 दिसंबर को पहला सेमीफाइनल मैच मोहम्मदाबाद बनाम पथरा के बीच दोपहर 2:00 बजे से खेला जायेगा।

# शिक्षक की प्रतिमा स्थल पर समाजसेवी व कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के पंसा गांव स्तिथ शिक्षक रविन्द्र कुमार सिंह की प्रतिमा स्थल पर रविवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी सहित कई लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्वर्गीय रविन्द्र कुमार सिंह की पत्नी अंजू देवी प्रखंड की जिला पार्षद है। उनके पुत्र युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह व प्रिंस कुमार सिंह ने अपने पिता की पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए सभी अतिथियों का आभार जताया। शिक्षक स्वर्गीय रविन्द्र कुमार सिंह अपने गांव स्तिथ मध्य विद्यालय में शिक्षक थे। उन्हें प्रकृति से काफी प्रेम था । उन्होंने अपने सेवाकाल में विद्यालय परिसर में भी कई पेड़ पौधे लगाया। साथ ही गांव स्थित अपने भू-भाग में भी काफी इमारती और फलदार पेड़ पौधे को लगाया था। जो आज काफी बड़े हो गये हैं। उनके द्वारा किये गये कार्य पर्यावरण प्रेम की याद को ताजा कर देते हैं। पुण्यतिथि के मौके पर प्रतिमास्थल के पास स्वर्गीय सिंह के पुत्र अश्विनी सिंह और प्रिंस सिंह ने पीपल और शीशम का पेड़ लगाया। बताते चलें कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में काफी संख्या में छोटे बच्चों ने भी भाग लिया। जिन्हें कॉपी ,पेंसिल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स सहित शिक्षण सामग्री प्रदान किया गया। इस मौके पर उप प्रमुख नगीना सिंह, मुखिया अबु नसर सिदिक़्क़ी, विकास सिंह, उमेश राम, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र गुड्डू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, के अलावा सुरेश पाठक, महताब सिदिक़्क़ी, अमीर हसन, वसीम खान, सुल्तान खान, सीताराम सिंह, कामाख्या सिंह, नंदकुमार सिंह, भरत सिंह, रामशंकर मेहता, ईश्वरधन सिंह, बिगन चंद्रवंशी, संजय ठाकुर, रामजन्म राम, अंगद कुमार, नित्यानन्द पाठक, बुलबुल सिंह, बिट्टू सिंह, कंचन सिंह, जितेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## ठंड से ठिठुर रहे लोगो के लिये नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** अंचल के अंतर्गत किसी भी क्षेत्रो में अभी तक अलाव की व्यवस्था नही की गई है। आलाव की व्यवस्था नही होने के कारण पाटन के विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायिक केंद्र किंशुनपुर, पाटन, नावाजयपुर, कुड़वा, दीपोवा, सगुना, महेंद्रा मोड़ आदि के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नही हुई है। बढ़ते ठंड में रिक्शावाला, ठेलेवाले, असहाय, बृद्ध, विकलांग एवं रोड पर रहकर जीवन बिताने वाले लोग ठंड से ठिठुर रहे है। आलाव के लिये तरसते असहाय लोग कांपते जीवन बिताने को जबूर है। न जाने कब किसकी ठंड से मौत की गोद में समाये। जीप पार्षद संग्राम सिंह ने कहा है की सीओ के संवेदनहीनता के कारण अलाव की व्यवस्था नही हुई। सीओ जल्द अलाव की व्यवस्था करे। किसी की ठंड से मृत्यु होने पर सीओ जबाबदेह होंगे। सीओ लालबाबू ने कहा है की सहाय्य मद से अलाव की व्यवस्था के लिये राशि की आबंटन नही हुई है। उन्होंने कहा से पैसा लाये की अलाव की व्यवस्था करे। डीसी के लेटर के आलोक में प्रधान सहायक को अलाव की व्यवस्था कराने को निर्देश दिये है।

## माइंस के खिलाफ सैकड़ों लोग चक्का जाम करेंगे

**पाटन ।** सेमरी, केल्हार, सगुना, उताकी, पाटन मुख्य बाजार के जमता होने गिट्टी पत्थर के अवैध परिचालन से हो रही परेशानी के कारण पाटन मुख्य पथ जाम करने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपा है। बताया है कि सेमरी स्थित मंडारिया स्टोनमैन से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड हाईवा के परिचालन दिन रात हो रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में धूल का कोहरा छाया रहता है । पाटन में स्थित व्यवसाई वर्ग के लोगों को व्यवसाय ठप होते जा रहा है । लोगों को भोजन में धूल का कण मिलने लगा है। सांस लेने भी परेशानी होने लगी है। तेज गति के कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती है। माइंस संचालक से बार-बार आग्रह करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। ओवरलोड से सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है तथा पाटन के क्षेत्र में राजस्व की क्षति हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इसमें सुधार नहीं होगा तो हम लोग पाटन मुख्य पथ जाम करेंगे। इसका आवेदन भी दिया गया है। मौके परे रणजीत सिंह, उमाशंकर सिंह मनीष कुमार सिंह, ओम प्रकाश पांडे, वीरेंद्र प्रजापति, नागेंद्र प्रसाद,रविंद्र प्रसाद समेत सैकड़ों लोग थे।

## हैदरनगर देवी धाम में यज्ञ की तैयारियां तेज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर में श्री माँ देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। यह यज्ञ 21 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। एक तरफ नव कुंडीय यज्ञशाला व कुटिया कुशल कारीगरों के द्वारा निर्माण की जा रही है, तो दूसरी तरफ यज्ञ स्थल की आस पास साफ सफाई की जा रही है। मंदिर परिसर की रंग रोगन का कार्य अंतिम चरणों मे है। यज्ञ को लेकर कथा व तैयारी की देख रेख के लिए यज्ञचार्य सुन्दर राज स्वामी जी महाराज का आगमन रविवार को गया।वे यज्ञ समापन तक यज्ञस्थल पर कथा प्रवचन करेंगे।यज्ञ समित के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हैदरनगर देवी धाम की माता में कई राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है।यहाँ भव्य यज्ञ की तैयारी जोरों से की जा रही है। प्रचार प्रसार सहित धन उपार्जन के लिए कई टोलियां क्षेत्र के भृमण कर रही है। यज्ञ की तैयारी में सर्वेश्वरा चार्य स्वामी,बभांडी पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह,बब्लू सिंह,उज्जवल पांडे, रविन्द्र सिंह, रामस्त्रेश सिंह, अजित उपाध्याय, मुकेश दुबे,सोनू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## कबरा सोन नदी की 312 एकड़ जमीनी विवाद को सुलझाने का प्रयास

# प्रशिक्षु आईएस विसपुते ने कहा– आपसी सहमति बनाकर करें निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के कबरा कला गांव के उत्तर दिशा में सोन नदी के किनारे लगभग 312 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर एक जाति विशेष मल्लाहों व गांव के अन्य लोगों के साथ दो वर्षों से विवाद चल रहा है। यह विवाद सुलझने के बजाय और उलझता ही जा रहा है। उक्त विवाद को सुलझाने हेतु जिले के उपायुक्त के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी श्रीकांत विसपुते शनिवार को कबरा कला गांव पहुंचे। श्री विसपुते के साथ हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, हैदरनगर के अंचल अधिकारी राजीव नीरज एवं थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा भी उपस्थित थे। गांव में अवस्थित मध्य विद्यालय के परिसर में जमीन विवाद सुलझाने को लेकर दोनों पक्ष के लोग काफी संख्या में जुटे। मल्लाह जाति के लोगों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सोन नदी के दियारा क्षेत्र की भूमि पर खेती-बारी करना उनका पुश्तैनी पेशा है। उनका यह भी कहना है कि सोन नदी की दियारा क्षेत्र की पूरी भूमि बिहार सरकार के समय से ही उन्हें मछली पकड़ने व खेती



करने के लिए दिया गया है। इधर दो साल पहले गांव के अन्य जाति के लोग एक साजिश के तहत उन्हें उक्त भूमि से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं। इधर अनुसूचित जाति एवं अन्य जाति के दूसरे पक्ष के लोगों ने अधिकारियों के समक्ष कहा कि सोन नदी की भूमि सरकारी भूमि है जिसपर गांव के सभी लोगों का समान अधिकार है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति बनाकर दोनों पक्ष के दो-दो लोग उपायुक्त महोदय से मिल सकते हैं। प्रशिक्षु आईएसएस अधिकारी श्री विसपुते के इस निर्णय पर ग्रामीणों ने चुप्पी साध ली। बाद में कहा आपसी सहमति जरूरी। कई ग्रामीणों ने चुटकी लेते हुए कहा कि दो घंटे तक जिस अधिकारी का इंतजार उनलोगों ने किया ,वह 20 मिनट में निर्णय उन्हीं पर थोपकर चलते बने। अगर आपसी सहमति हो ही जाती तो फिर इतना बड़ा विवाद जिले के उच्चाधिकारियों तक कैसे पहुंचती। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पहले गैर मल्लाह जाति के कुछ लोगों द्वारा खाली पड़ी जमीन पर जोत-कोड़ का प्रयास किया गया, जिसका मल्लाहों ने विरोध किया। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। पुलिस ने कई लोगों को इस मामले में जेल भी भेजा। जमीन की मापी भी अंचल द्वारा कराई गई थी जिसे मल्लाहों ने मानने से इंकार कर दिया था। मामले ने काफी तूल पकड़ा और दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। अभी भी यह मामला अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में विविध वाद संख्या-510/2020 के अंतर्गत दप्रसं की धारा 147 के तहत विचाराधीन है।

# शारीरिक क्षमता बढ़ाता है फुटबॉल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नवयुवक संघ पथरा शिवपुर के तत्त्वावधान में पथरा शिवपुर खेल मैदान में रविवार को नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्धघाटन एसडीओ कमलेश्वर नारायण, समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह, संघ के अध्यक्ष अरबिंद कुमार, सचिव असलम अंसारी, संयोजक अनुज कुमार संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच झारखंड के मांडर बनाम बिहार के गया के बीच खेला गया। जिसमें मांडर की टीम ने गया को चार गोल से हराया। इस मौके पर मुख्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बॉल में किक मारकर इसकी शुरूआत की गई। मैच काफी रोमांचक रहा। मांडर की टीम के खिलाड़ियो ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए गया की टीम को चार शून्य से पराजित कर दिया। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है, उसे निखारने की। छोटे- छोटे गांव में इस प्रकार के आयोजन करने से खेल को बढ़ावा मिलता है। साथ ही फुटबाल शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है। मौके पर समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा की वर्तमान परिदृश्य में खेल को कैरियर बनाया जा सकता है। गांव में आज भी फुटबॉल खेल काफी लोकप्रिय है। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ली है। इस मौके पर विनित कुमार,अरुण ठाकुर,अभय कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया नरेश पासवान, बिहारी पासवान, विनोद पासवान, मंटू सिंह, बबल सिंह,अभिषेक कुमार, राहुल पासवान, चितरंजन पासवान, राजू रंजन चौधरी, दीपक चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### नि:शुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रत्यारोपण जांच शिविर 25 को

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन की ओर से नगर उंटारी के बालिका उच्च विद्यालय में 25 दिसंबर को निशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी क्लब के सचिव हर्ष अग्रवाल ने दिया है। उन्होंने बताया कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची और लायंस क्लब रांची ईस्ट निरामया अस्पताल के सौजन्य से लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के बैनर तले उप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक दिवसीय जांच शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है इच्छुक लोग यूनिक मेडिकल हॉल, डॉक्टर सिद्धनाथ प्रसाद और जवाहर मेडिकल हॉल में संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। जांच के बाद सही माप का कृत्रिम अंग बताए हुए समय एवं स्थान पर निशुल्क दिया जाएगा उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### भवनाथपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

**भवनाथपुर।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक की गई जिसमें आगामी 23 दिसंबर से निर्धारित मझिआंव में आयोजित होने वाले संघ शिक्षा वर्ग में स्वयं सेवकों को शामिल किये जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा 29 जनवरी 2023 को भवनाथपुर केतार और खरौंधी में हिंदू सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया । बैठक में पिछले दिनों खरौंधीं के चंदनी में तथा भवनाथपुर के अरसली उतरी में हुई गोहत्या पर चिंता व्यक्त किया गया । और इसमें दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया गया । बैठक में मुख्य रूप से संघ के खंड के पदाधिकारी और स्वयं सेवक मौजूद सुरेश जी मनोज गुप्ता जी राजकुमार जी जगतपाल प्रसाद जी डां निशंक जी डां जी प्रसाद जी निरंजन जी दीनानाथ जी चंद्रीका यादव जी गोविंद जी अंकित जी सिद्धार्थ जी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे ।

### गिजना गांव में साईकिल से गिर कर दो युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के गिजना गांव के समीप के साईकिल से गिरने से दो युवक घायल हो गए दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायलों में तिलदाग गांव निवासी ओमप्रकाश चंद्रवंशी का पुत्र अनिकेत कुमार, रमना गांव निवासी रुस्तम अंसारी का पुत्र तौहीद अंसारी शामिल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों साइकिल से घूमने निकले थे। उसी दौरान गिजना गांव के समीप साइकिल से नहर में जा गिरा जिसमें दोनों को गंभीर चोट लगी है। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बताई जा रही है।

## चिकित्सकों को कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने शुरू थी चलंत चिकित्सा वाहन

# लापरवाही : लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी चलंत चिकित्सा वाहन का नहीं मिल रहा लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए सरकार ने चलंत चिकित्सा वाहन की शुरूआत की थी। शुरूआती दौर में चलंत चिकित्सा वाहन से सुदूर ग्रामीण इलाकों के लोगों को काफी लाभ मिलता था। चलंत चिकित्सा वाहन आधुनिक सुविधा से सुसज्जित होते थे। इसमें मामूली एक्स-रे से लेकर अल्ट्रासोनोग्राफी की भी व्यवस्था होती थी। वाहन में लैब के साथ जनरेटर भी होते थे। जैसे-जैसे इसका समय बीतता गया, वैसे वैसे एनजीओ व विभागीय मिलीभगत से चलंत चिकित्सा वाहन की व्यवस्था भी धरातल नाम मात्र की रह गई है। वर्तमान चलंत चिकित्सा वाहन में सिर्फ एक्स-रे व लैब की व्यवस्था है। फिलहाल सभी चिकित्सा वाहन बंद है उसके कारण ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के



अनुसार सितंबर महीने से जिले में चलंत वाहन बंद हो गए हैं जिले में तीन चलंत वाहन हैं जिसमें एक राज्य स्तर से चलाए जाते हैं। वही दो जिला स्तर से चलाए जाते हैं। राज्य स्तर के चिकित्सा वाहन का टेंडर नहीं हुआ है। वही गढ़वा जिले में भी जिस एनजीओ के माध्यम से चलाया जा रहा था उसका समाप्त हो गया है।

जिले में तीन चलंत चिकित्सा वाहन चल रहे थे फिलहाल सभी चलंत वाहन बंद है बहुत जल्द टेंडर की प्रक्रिया कर चलंत वाहन का परिचालन शुरू होगा।

**-अनिल कुमार सिंह सिविल सर्जन, गढ़वा।**

### तीनों चलंत चिकित्सा वाहन बंद

जिले में कुल तीन चलंत चिकित्सा वाहन चलते थे। लेकिन वर्तमान में एक भी चलंत चिकित्सा वाहन नहीं चल रहे हैं। विकास भारती के एक वाहन तथा प्रज्ञा रूपा विकास समिति की दो वाहन चल रहा था। पूरे जिले में मात्र तीन ही चलंत चिकित्सा वाहन चल रहे थे। उक्त सभी चलंत वाहन सितंबर महीने से ही बंद है।

### रुट चार्ट के अनुसार वाहनों को लगाना है कैंप

चलंत चिकित्सा वाहनों को रुट चार्ट के अनुसार स्वास्थ्य कैंप लगाना है। रुट चार्ट में वाहन का सुदूर गांव में जहां कोई स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं होता है, लगाने का नियम है। ग्रामीणों की मानें तो चलंत चिकित्सा वाहन सुदूर गांव में नहीं पहुंच कर सड़क किनारे के जो गांव पड़ते हैं, वहीं कैंप लगाकर एक दो घंटे के अंदर ही चलते बनते हैं। जिस गांव में कैंप लगाना है, उससे पूर्व उस गांव के ग्रामीणों को पता होना चाहिए कि फलां तारिख को चलंत चिकित्सा वाहन का स्वास्थ्य कैंप लगेगा। साथ ही उस पंचायत के मुखिया को भी सूचना देनी होती है। लेकिन कहीं कोई सूचना नहीं दी जाती है।

## शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन

# रामभक्तों की टोली से पटा गढ़वा, जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हुआ शहर




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय रविवार को रामभक्तों की टोली से पट गया। वहीं वायुमंडल जय श्रीराम के नारे और रामभक्ति धुन में सराबोर रहा। सड़कों पर लहरते भगवा और तिरंगें झंडे से शौर्य और गर्व की असीम अनुभूति बिखर रही थी। यह आकर्षक दृश्य शहर में आयोजित शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम से बना था।

### गढ़वा के श्री राम लला मंदिर से निकाला गया शौर्य पथ संचलन

बता दें कि विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल गढ़वा के तत्वावधान में हिन्दू समाज का सर्वोत्तम मान बिंदु, आदर्श स्थल एवं प्रेरणादायी नगरी अयोध्या स्थित श्री राम जन्म भूमि पर खड़े बाबरी ढांचा विध्वंश दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाने के लिए शौर्य पथ संचलन का आयोजन किया गया था। श्री राम लाला मंदिर गढ़वा से निकाले गए शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक राम भक्त शामिल थे। पथ संचलन शहर के मुख्य मार्गों बस स्टैंड, मझिआंव मोड़, गढ़देवी मन्दिर होते हुए रंका मोड़ पहुंची। रामभक्तों ने वहां शौर्य का प्रदर्शन किया। उसके बाद वहीं बजरंगबली मंदिर के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद शौर्य यात्रा छठ घाट, पुरानी बाजार, निमिया स्थान मन्दिर, बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर होते हुए पुनः श्री रामलला मन्दिर परिसर पहुंची। वहां शौर्य समागम का आयोजन किया गया। शौर्य समागम को दुर्गा वाहिनी की पूर्व संयोजिका चन्द्रमुखी, विश्व हिन्दू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र और प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने सम्बोधित किया।

### छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद ढांचे का किया गया था विध्वंस

वक्ताओं ने कहा कि श्री रामजन्म भूमि पर वर्षो से खड़े गुलामी के प्रतीक बाबरी मस्जिद ढांचा का विध्वंश राम भक्तों ने छह दिसंबर 1992 में किया था। इस दिन वर्षों के संघर्ष और हजारों रामभक्तों के बलिदान के बाद रामजन्म भूमि मुक्त हुआ था। हिन्दू समाज ने इस दिवस को सबसे बड़ा दिवस माना और इसे शौर्य दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसी उपलक्ष्य में आज शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ताकि हिन्दू समाज गर्व का अनुभव कर सके। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम के संयोजक सोनू सिंह, विहिप के विभाग संगठन मंत्री गौरव, गढ़वा नगर अध्यक्ष किशोर सिंह, संरक्षक पुष्परंजन, गिरिनाथ सिंह, राजीव राज तिवारी, चन्दन जायसवाल, दौलत सोनी, शुभम चौबे, शुभम केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में कार का एक्सीडेंट, चार घायल

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ के देवी धाम के पहले तीखे मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त होने से उसपर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को थाना प्रभारी सतीश महतो व ग्रामीणों के सहयोग से एक ऑटो से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।जहां पर तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक इलासज के बाद कसीलान निवासी फुलेंद्र यादव की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर जर दिया। जनकी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव सरिया निवासी अजय गुप्ता और विमलेश साह तथा भवनाथपुर बस्ती निवासी पत्रकार विमलेश कुमार का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।



घटना के बारे में बताया जाता है कि रविवार की शाम को ग्रहवा कबड्डे संघ के सचिव अजय गुप्ता अपनी कार से खुद से चलाकर गढ़वा से किसी कार्यक्रम से टाउनशिप लौट रहे थे,कि तीखे मोड़ पर नई कार अनियनरित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई गनीमत रहा कि गाड़ी का सभी यरवेग खुलने के कारण जोखिम कम हुआ पीछे से गश्ती दल से लौट रहे थाना प्रभारी सतीस महतो ने पुलिस के जवान व ग्रामीणों के सहयोग से लोगो को स्पताल पहुंचाया

## सदर अस्पताल में आधे से अधिक संख्या में डायरिया के मरीज भर्ती

# मौसम बदला, मरीजों की संख्या बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगातार बदलते मौसम के मिजाज के कारण मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जिले में इस वर्ष भूषण गर्मी गर्मी से डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सदर अस्पताल में आधे से अधिक डायरिया के मरीज भर्ती हैं। सदर अस्पताल में सबसे ज्यादा बुखार और डिहाईड्रेशन की मरीज पहुंच रहे हैं।

### वायरल फीवर से लोग परेशान, चिकित्सक परेशान

वहीं बदलते मौसम के कारण के वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रत्येक मरीज में डाई से तीन तक सर्दी बुखार बदन में दर्द रहता है बच्चे, महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी असर दिखने लगा है। लोग सर्दी, खासी, बुखार, उल्टी, दस्त का शिकार हो रहे है। सदर अस्पताल में 387 मरीज डॉक्टर से दिखाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें आधे से अधिक सर्दी खांसी और बुखार से ग्रसित मरीज थे।

पिछले 1 सप्ताह के आंकड़े को देखें तो कभी 100से 150 मरीजों की संख्या पहुंचा था पर इन दिनों दोगुना मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में चिकित्सक से दिखाने के लिए धक्का-मुक्की की स्थिति बन नहीं रहती है।



गर्म-ठंडा मौसम में रहने पर भी बीमारी का खतरा रहता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को यह ध्यान रखना चाहिए कि ठंडी वाताकरण से निकले है यानी एसी, कूलर से बाहर निकले है तो थोडी देर बाहर के मौसम में बैठे उसके बाद धूप में निकले। प्रतिदिन अलग-अलग मौसम का मिजाज रहा है दिन में गर्म और उमस वही रात में ठंड लग रहा है ऐसे में शरीर में दर्द औरबुखार हो सकते हैं।

**-डॉ टी पीयूष, चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा।**

## चिनियांही में मवेशी की मौत पर घटनास्थल पर जांच करने की पहुंची टीम

# पुष्टि: तेंदुए के हमले से मवेशी की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड के गांव बघवार टोला चिनियांही में बीती रात्रि जंगली तेंदुआ ने नंदू उरांव के भैंस पर हमला कर दिया। जिससे भैंस की मौत हो गई। रविवार की सुबह वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। वन विभाग ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार नंदु उरांव रात्रि में पेड़ के नीचे भैंस बांध दिया था। रात्रि में तेंदुआ ने भैंस पर हमला कर दिया। भैंस के मौके पर मौत हो गई। भैंस के सिर के ऊपरी हिस्सा को खा गया। अन्य मवेशी तेंदुआ को देख कर विदक रहे थे। विदकता देख घर के लोग जाग गए। घर की महिला परमेश्वरी देवी टार्च लेकर बाहर निकली । जैसे ही टॉर्च की रोशनी तेंदुआ पर पड़ी



वह भागने लगा। कुछ दूरी तक तेंदुआ पीछे मुड़ मुड़कर देखता रहा । तब तक घर के सारे लोग जा चुके थे। घटना की खबर लोगों ने वन विभाग को दिया । वन कर्मि तुषार कुमार एवं दयानंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली तेंदुआ के पैर के निशान को भी रिकॉर्ड किया। भैंस पर कौन सा जानवर हमला किया है। इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने भैंस की मुआवजा से संबंधित कागजात नंदू सिंह को दिया ,और कहा कि इसे भरकर आवेदन के साथ वन कार्यालय में जमा करें। इस के मुआवजे की राशि दी जाएगी। घटना के बाद नंदू उरांव के पूरे परिवार गमगीन हैं।

# सिंचाई करने से मना करने पर युवक को पीटकर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी विमल चौधरी पिता शिवकुमार चौधरी को उसके गांव के ही अर्जुन चौधरी ने मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार विमल चौधरी ने अपने खेत में लगे गेहूं के फसल की पटवन के लिए उरिया नदी में पंप लगाया था। हासनदाग गांव के ही अर्जुन चौधरी पिता चनारिक चौधरी ने विमल चौधरी पर अपने खेत के पटवन के लिए दबाव देने लगा। बताया गया कि जब विमल चौधरी ने इंकार किया तो उससे गुस्से में आकर अर्जुन चौधरी ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और नाजुक अंग को दबाकर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

### बाइक से गिरकर युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के कोण थाना क्षेत्र अंतर्गत अड़गुड़ गांव निवासी प्रमोद कुमार पिता अमरनाथ खरवार व उसी गांव के जीतेंद्र कुमार पिता बिहारी सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इनमें प्रमोद कुमार को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार व जीतेंद्र कुमार एकही मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के घर भोसरा गांव गए थे। इस दौरान भोंसरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में प्रमोद कुमार के दायां पैर फ्रैक्चर हो गया है। जबकि जीतेंद्र कुमार को मामूली चोट लगी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर रविवार को गढ़वा थाना परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इसमें एसडीपीओ अवध कुमार यादव पुलिस निरीक्षक लक्ष्मीकांत सहित गढ़वा थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी पुलिसकर्मी की स्वास्थ्य जांच किया गया थाना परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर आरपी सेवा सदन व राधा पार्वती एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वधान में निशुल्क आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर पतंजलि केसरी, डॉ मनोज कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ आरती कुमारी, डॉ सोनाली केसरी, संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, जुबरैल अंसारी, निरेखा कुमारी, सेजल कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित पारा मेडिकल के छात्र छात्राओं ने अपना सहयोग दिया इस संबंध में एसपी अंजनी कुमार झा ने बताया कि पुलिसकर्मी का काम 24 घंटा करते करते स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। पुलिसकर्मी को अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य को लेकर समय-समय पर इसी तरह का कैंप लगाकर उनका जांच करा जाएगा ताकि उनकी स्वास्थ्य अच्छा रहे।

### श्री बंशीधर नगर में यक्ष्मा मरीजों को दिया गया फूड वास्केट

**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में 40 यक्ष्मा मरीजों को उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गोद लेकर फूड बास्केट दिया गया.



गढ़वा के डॉक्टर जेपी ठाकुर के द्वारा 11 ,अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मियों के द्वारा 29 मरीजों को गोद लेकर उन्हें अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार के रूप में फूड बास्केट दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने मरीजों को टीवी से बचाव के उपाय बताये। उन्होंने एक साथ इतने यक्ष्मा मरीजों को गोद लिये जाने की सराहना करते हुए कहा कि जिले के स्वास्थ्य कर्मी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के प्रयास से ही वर्ष 2025 तक भारत यक्ष्मा मुक्त बन सकता हैद्ध मौके पर यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डॉ पुरुषेश्वर मिश्र, नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह,एसटीएस सुनील कुमार, एलटी इरफान अंसारी, लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, विपेश राज तमांग, रियाज अहमद, रवि कुमार सिन्हा, बिनित कुमार पांडेय एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# आगामी चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी बसपा: मनीष

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** बहुजन समाज पार्टी झारखंड प्रदेश कमेटी भंग होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री बहन कुमारी मायावती जी के निदेर्शानुसार कमेटी विस्तार में पुनः मनीष कुमार को प्रदेश महासचिव बनने के बाद क्षेत्र में आने पर राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता के साथ हुई बातचीत के दौरान मनीष कुमार ने इस बात पर जोर दिया की बहुजन समाज पार्टी पूरे दमखम के साथ 2024 के चुनाव में लोकसभा और विधानसभा पूरे मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। बताते चलें कि मनीष कुमार पूर्व में भी 2019 में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं। मनीष कुमार ने अपना बहुजन समाज पार्टी के पुराने एवं नए कार्यकर्ता को आपस में मजबूती ला करके लोकसभा चुनाव की



ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने आप में मजबूत के साथ बूथ कमेटी बनाने का सलाह देते हुए अपने विधानसभा में बूथ कमेटी अभियान जोरों पर शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी का झारखंड में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन होगा।

# अतिक्रमण से निरंतर लग रहा जाम

## भवनाथपुर हाई स्कूल के समीप साप्ताहिक बाजार में जाम से परेशान रहे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर के ब्लॉक मोड़ से कपूर्री चौक तक सड़क के किनारे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराये जाने से लोग जाम से परेशान है। रविवार को साप्ताहिक बाजार में भवनाथपुर हाई स्कूल के समीप रोड पर जाम का नजारा देखा गया। जिससे रोड से गुजरने वाले लोगों सहित वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### सीओ को सौंपा गया था आवेदन

हाई स्कूल के समीप लगने वाले सब्जी दुकान और गुमटी को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर स्थानीय जमा दो हाई स्कूल के हेडमास्टर रोहिणिकांत देव पांडेय ने 15 दिसंबर को सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव को आवेदन



सौंपा था। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था,कि मेरे विद्यालय में 1900 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय के बाउंड्री के सटे हुए सब्जी बाजार तथा कई गुमटी लगाया गया ,जहां पर दिन भर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है,जिससे पठन-पाठन में समस्या उत्पन्न हो रही है। बाउजूद इसपर अब तक कोई कारवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं इसके पूर्व भी कई सामाजिक कार्यकर्ता भी यहां से सब्जी बाजार हटाकर पुराने बाजार में शिफ्ट कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन बाजार कहीं शिफ्ट नहीं कराया गया। प्रशासन द्वारा कारवाई के नाम पर अब तक 12 दिसंबर को 24 घंटे में अतिक्रमणमुक्त करने के लिए प्रचार प्रसार के चुप्पी साध ली गई।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार भवनाथपुर हाई स्कूल के समीप सड़क के किनारे लगने वाले सब्जी बाजार में बीते 11 दिसंबर रविवार को दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट की घटना में दो लोगों के घायल होने की खबर विभिन्न अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बीते 12 दिसंबर को ही सीओ और थाना प्रभारी ने ब्लॉक मोड़ से कपूर्री चौक तक सड़क को 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिये प्रचार-प्रसार करवाया था। जबकि खुद से भी दुकानदारों को सड़क के किनारे से अपनी-अपनी दुकानों को हटा लेने का निर्देश दिया था। लेकिन प्रशासन द्वारा दिया गया अल्टीमेटम का अतिक्रमण कारियों पर कोई असर नहीं हुआ,और न ही प्रशासन ही 24 घंटे बीतने के बाद कोई अतिक्रमण मुक्त कराने की ओर कोई दिलचस्पी दिखाई। जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है,जिससे दिन प्रतिदिन अतिक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है और स्थिति बद से बदतर होता जा रहा है। इसी से रविवार को लगे साप्ताहिक बाजार में जमा दो हाई स्कूल के समीप सड़क पर जाम की स्थिति रही।

NEWS इन ब्रीफ

## हाथियों के झुंड ने मचाया तांडव, घर सहित कई फसलों को किया नष्ट

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के धाधु ग्राम में शनिवार देर शाम दर्जनों हाथियों के झुंड ने किसानों के लगभग तीन एकड़ में लगी खेती को नष्ट कर दिया। फसल का नुकसान हुए किसानों में महेंद्र उराव,बिरनदेव उराव, सुशील उराव, शिवनारायण उराव, सुरेन्द्र उराव, सुरेश उराव सहित दर्जनो किसानों का फसल नष्ट कर दिया। किसानों के खेत में धान, आलू, सरसो, केला, आम बागवानी सहित कई फसलों को नष्ट कर दिया। किसानों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 15 से 16 की संख्या हाथियों के झुंड ने फसल को नष्ट किया के बाद वन विभाग और अन्य मुखिया भगवती देवी पहुँच मामले का जायजा लिया एवं वन विभाग से नुकसान हुए खेती का नियमसंगत मुआवजे की मांग की है और जंगली हाथियों के झुंड को गांव से दूर भगाने की भी अपील की है।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के वित्तीय सलाहकार समिति के सेवा निवृत बैंक कर्मियों द्वारा रविवार को प्रखंड के छिपादोहर व केड पंचायत आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार जेएसएलपीएस के बीपीएम अभय कुमार, स्टेट बैंक के वित्तीय सलाहकार एफएलसी श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में गम्हरिया टोला में 50 से अधिक आदिम जनजाति परिवार के स्वयं सहायता समुह सदस्यों में अत्यंत गरीब असहाय निर्धन महिला - पुरुष लाभुको के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण करने का काम किया गया। केड पंचायत के मतनाग टोला में भी जरूरत मंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया.वही मतनाग टोला में आज 25 दीदीयो को कॉटन चादर का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता, जयप्रकाश नारायण, सुधा नारायण, श्रद्धा सिन्हा, विक्रम कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुखिया पति ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगांवां पंचायत के मुखिया पति सह समाजसेवी बसंत सिंह ने निजी खर्च से एक सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। वितरण के दौरान मुखिया सरिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मुखिया ने बताया कि कम्बल मेरे पति के द्वारा निजी खर्च से उपलब्ध कराया गया है। जिसे बढ़ते ठंढ से बचाव के लिए करीब 100 जरुतमन्द लोगों के बीच वितरण किया गया है। कम्बल वितरण पंचायत के गंडके, गम्हरिया, पिण्डारकोंण, पुरनाडीह सहित अन्य गांव के लोगों के बीच किया गया। इस दौरान ईश्वर दयाल सिंह, सुरेंद्र यादव, मिथिलेश सिंह, शंभू यादव, उप मुखिया गणेश सिंह, धनेश्वर यादव शामिल थे।

### नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी

# पूर्व सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

- बिहार के बाराचट्टी क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में मारी गई थी सबजोनल कमांडर की पत्नी
- मयूरहंड थाना क्षत्र में चर्चित नक्सली वारदात में संलिप्तता से संबंधित दर्ज था मामला






नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरातरी गांव से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के पूर्व सब जोनल कमांडर सुनील गंझू को पुलिस टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासील की है। गिरफ्तारी, सुनील गंझू पर पूर्व में चतरा, हजारीबाग और गिरिडीह और गया जिले के विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन मामले दर्ज थे। हाल के दिनों में उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता और तीन अन्य मामलों में पुलिस को गंझू की तलाश थी। पत्थलगड़ा थाना प्रभारी बमबम कुमार ने इस संबंध में बताया कि एसपी के दिषा निर्देषन में गुप्त सूचना के आधार पर सिमरातरी गांव से गिरफ्तार किया गया है। इसके विरुद्ध मयूरहंड थाना क्षेत्र में चर्चित नक्सली वारदात में संलिप्तता से संबंधित मामला दर्ज था। इसके अलावे पत्थलगडा थाना में दर्ज पूर्व के दो मामलों में वारंट जारी था तथा दो-तीन वर्ष पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया था। थाना प्रभारी श्री कुमार ने आगे बताया कि नक्सली सांठगांठ और तस्करी के मामले में संलिप्त लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुनील गंझू की पत्नी सरिता बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुए पुलिस मुठभेड़ में मारी गई थी।

### 24 दिसंबर को लातेहार में निकाली जायेगी शौर्य पथ संचलन पदयात्रा

# शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा शौर्य पथ संचलन पदयात्रा 24 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 बजे लातेहार जिला मुख्यालय स्थित बाजारटांड़ शिव मंदिर से निकाली जायेगी। जो थाना चौक से समाहरणालय गेट के पास मेन रोड होते हुए पुनः बाजारटांड़ शिव मंदिर पहुंचेगी। जहां बाहर से आये सभी कार्यकताओं को भगवा वस्त्र पहनाकर समाप्त किया जायेगा। इसकी तैयारी जोरों पर शुरू कर दी गयी है।

### जनसंपर्क अभियान जारी

शौर्य यात्रा पथ संचलन का संयोजक अरुण साहू को बनाया गया है और सह संयोजक सौरभ साहू व नीतीश यादव को बनाया गया है। इसकी तैयारी को लेकर गांव-गांव में जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके सफल आयोजन को लेकर हेरहंज में विकास जयसवाल, आकाश कुमार को जिम्मेवारी दी गयी है। इसी तरह बालूमाथ में रविंद्र प्रसाद, उपेंद्र रंगीला, अनिल कुमार, बारियातू में चन्दन, आशीष ओझा, चंदवा में विकाश मित्तल, मनिका में पचू प्रसाद, बरवाडीह में संतोष विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार साहू, महुआडांड़ में विभाग के सह संयोजक सूरज कुमार साहू, रामप्रवेश कुमार, बिट्टू कुमार, उज्जवल धनुष, राहुल राज गुप्ता, गारू में सुभाष सिंह, छिपादोहर में विजय यादव, मुकेश चंद्रवंशी, नेतरहाट में बिट्टू शौंडिक को जिम्मेवारी दी गयी है।

जबकि लातेहार जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, संगठन मंत्री कुलदीप एवं विजय यादव, पूर्णकालिक रामवृक्ष यादव, लातेहार नगर में कुमार सागर, अरुण उपाध्याय, सौरभ तिवारी, आयुष गुप्ता जो सभी प्रखंड एवं सभी गांव में जाकर बैठक कर रहे है। पद यात्रा को सफल बनाने के लिए एवं हिंदुओं की एकजुटता का परिचय देने के लिए जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू ने सभी दुकानदार भाइयों से अपील किया है कि 24 दिसंबर दिन शनिवार को समय 11 बजे अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद कर बाजारटांड़ शिव मंदिर के परिसर में पहुंचे व इस आयोजन को सफल बनायें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ शाही 24 दिसंबर को लातेहार पहुंचेंगे और कार्यक्रम में शामिल होंगे

# देशीय हलुवाई वैश्य सभा की जिला कमेटी गठित



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में अखिल भारतीय मध्य देशीय हलुवाई समाज की बैठक विवेक कुमार गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लातेहार जिले के सभी प्रखंडों से मध्य देशीय हलवाई समाज के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता की देखरेख में मध्य देशीय हलवाई समाज की युवा कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमे अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा लातेहार जिला के अजीत कुमार बरवाडीह को अध्यक्ष सुनील कुमार मनीका को उपाध्यक्ष, नीतीश कुमार बालूमाथ को महामंत्री, राहुल कुमार महुआडांड़ को मंत्री, कुंदन गुप्ता हेरहंज को कोषाध्यक्ष किया गया मनोनीत किया गया।

### कमेटी गठित

लातेहार जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें शिव शंकर प्रसाद सरईडीह मुख्य संरक्षक, अशोक प्रसाद-छेंचा को लातेहार जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया, जबकि शंभू प्रसाद- महुआडांड़, उदय कुमार-हेरहंज, शिव प्रसाद साव-गारू को उपाध्यक्ष, अशोक प्रसाद बाड़ेसाढ़ महामंत्री, सुजीत प्रसाद - बारियातू को मंत्री, विजय प्रसाद-बरवाडीह को कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार गुप्ता- लातेहार सह कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### लातेहार में क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन, बोले विधायक

# प्रभु यीशु ने प्रेम का दिया संदेश




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के पहाड़पुरी स्थित संत जेवियर एकेडमी में संयुक्त चर्च समिति लातेहार की और से रविवार को क्रिसमस गैदरिंग मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्रिसमस गैदरिंग मिलन समारोह का उदघाटन लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर किया।

### सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

मौके पर विधायक ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने आपसी प्रेम व सद्भाव का संदेश दिया। मानव कल्याण के लिए ही वे धरती पर अवतरित हुए। इस दौरान विधायक ने सामुदायिक भवन को अपने विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा की प्रभु के जन्म को समस्त मानव जाति के लिए एक बड़े आशीष का कारण बताया। उन्होंने प्रभु के जन्म की अद्भुत घटना तथा पवित्र शास्त्र में वर्णित इनसे जुड़ी तथ्यों पर भी चर्चा की। समिति के लोगों ने स्वागत गीत गाकर अथितियों का स्वागत किया। विभिन्न कलीसियाओं के सदस्यों व बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म से जुड़ी घटनाओं पर आधारित नृत्य, गीत व लघु नाटिका पेश किया। इस दौरान मसीही समुदाय के लोग झूमते रहे। इस मौके पर संयुक्त चर्च समिति के अध्यक्ष अनुप चंद खाखा, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की,जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव,झामुमो केंद्रीय सदस्य बिलासी टोपनो, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आफताब आलम ,मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी,युवा नेता अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, वीरेंद्र पाठक,रिंकू कच्छप, कौशल पाण्डेय,पास्टर जोसफ लकड़ा, दीपक कुमार, पास्टर शिवनारायण तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सांसग में आपसी विवाद में युवती ने की आत्महत्या

**युवती की पहचान सांसग निवासी रेहाना खातून के रूप में की गयी**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के सांसग ग्राम में बीते शाम आपसी विवाद को लेकर युवती ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान सांसग निवासी रेहाना खातून पति शादाब खान 25 वर्ष के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कल शाम 5:00 बजे पास में ही बाजार से सब्जी लाने को लेकर पति पत्नी में तू तू मैं हुआ था। जिसके बाद शादाब सब्जी लाने बाजार चला गया जब बाजार से लौटा तो देखा की बाहर का दरवाजा बंद था काफी देर तक दरवाजा खुलवाया गया इसके बावजूद भी दरवाजा नहीं खोला तो पास में खड़े बच्चे रोने लगे बच्चे को रोता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और लोगों के द्वारा भी दरवाजा खुलवाया गया मगर दरवाजा नहीं खोला गया तब दरवाजा को तोड़ दिया गया और अंदर जाकर देखा की युक्ति फांसी के फंदे से लटक कर झुलस रही है जिसके बाद इसकी सूचना सदर थाना को दी गई। पुलिस के कहे निदेर्शानुसार परिजनों के द्वारा स्व को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है की हत्या है कि आत्महत्या।

### पितीज में विद्यालय की जमीन उपलब्ध कराने को लेकर हुई बैठक

# जमीन चयनित, विरोध पर होगी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** रविवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पितीज में प्लस टू के लिए जमीन उपलब्धता व अन्य संबंधित मामलों को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया रामदेव यादव ने किया। बैठक में सचिव ब्रह्मदेव दांगी ने लोगों के बीच पितीज प्लस टू स्कूल की अनुशंसा व जमीन की उपलब्धता को लेकर अपनी बातें रखीं। जिसके बाद ग्रामीणों तथा प्रबंधन समिति के लोगों ने सर्वसमिति से प्लस टू विद्यालय निर्माण हेतु आवश्यक भूमि की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए विद्यालय के सामने पश्चिम व उत्तर दिशा में खाली पड़े मैदान जो गैर मजरूआ भूमि है का चयन करने का निर्णय लिया। साथ ही खाली पड़े मैदान का वर्तमान में बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रयोग करने का भी प्रस्ताव लिया गया। खाली मैदान के प्रयोग करने में किसी व्यक्ति द्वारा बाधा उत्पन्न करने पर मिलकर विरोध करने तथा संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने में विद्यालय परिवार का सहयोग करने पर सहमती जताई गई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, समाजसेवी विकास यादव, विष्णुदेव यादव, शंकर यादव, प्रकाश यादव, राम प्रसाद यादव, संजय कुमार विश्वकर्मा, इंद्रदेव सिंह, मिथिलेश प्रजापति, अजय दांगी, ललन सिंह, कुमुदलाल, अर्जुन दास, डब्ल्यू विश्वकर्मा, व्यासदेव दांगी व शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# राहत : अंचल प्रशासन ने करायी अलाव की व्यवस्था



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में अंचल प्रशासन द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई। अलाव की व्यवस्था हो जाने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है। अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था कराई गई है। ताकि यात्रियों के साथ आम लोगों को भी ठंड से राहत मिल सके। इस क्रम में अलाव का लुफ्त उठा रहे ग्रामीणों को अंचल अधिकारी ने सरकार के तीन वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित शिविर की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावे ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सुखाड़ राहत योजना, के साथ छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन जमा करने की अपील की। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## मनिका के ग्रामीणों ने विधायक से भेंट कर समस्याओं के निदान के लिए सौंपा ज्ञापन



बरवाडीह। मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में रविवार को मनिका पंचायत के कई ग्रामीणों ने मुलाकात कर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मनिका पंचायत के दूदू पंचायत के अख्तर आलम के नेतृत्व में कई ग्रामीणों विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर पंचायत की समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने विधायक से पंचायत के कई अत्यंत जरूरत जर्जर सड़कों की निर्माण एवं पंचायत की अन्य कई बुनियादी समस्याओं को रखा। इस बाबत ग्रामीणों ने विधायक को समस्याओं संबंधी एक मांग पत्र भी सौंपा। जिस पर विधायक श्री सिंह ने मनिका पंचायत के दुंदु पंचायत के ग्रामीणों की उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया.इस दौरान मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत के कई ग्रामीण साथ थे।

## सर्व शिक्षा सेवा समिति ने किया प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन



**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पितीज में सर्व शिक्षा सेवा समिति द्वारा रविवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इटखोरी, कान्हाचट्टी और गिद्धौर प्रखंड के सैकड़ो विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा निरीक्षण करने में पितीज मुखिया रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, उउवि के प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव दांगी, सुदर्शन दुबे, बैजनाथ दांगी शामिल थे। उपरोक्त जानकारी सॉफ्टवेयर इंजीनियर संदीप कुमार ने देते हुए बताया कि 8 जनवरी को परीक्षाफल प्रकाशित किया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी सर्व शिक्षा समिति के द्वारा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। प्रतियोगिता को सफल आयोजन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ संजय सोनी, कुमार संतोष, अनिल कुमार, विवेक दुबे, सोनू सिन्हा, घनश्याम दांगी, बिट्टू शर्मा एवं विकाश दांगी का अहम योगदान रहा।

# पशुपालकों को दुधारू पशु पालने में हो रही परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत सिंदुवारी गुरुमठ में रविवार को किसान विकास मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष अर्जुन सिंह व संचालन सचिव नवल किशोर सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड व पंचायत स्तरीय मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य शामिल थ। बैठक में प्रखंड क्षेत्र से पशुपालकों का दुग्ध झारखंड मिल्क फैडरेशन द्वारा औने पौने दामो में खरीदगी पर चर्चा करते हुए कहा गया कि इससे पशुपालकों को दुधारू पशु पालने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। इस मामले को लेकर मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल एवं पशुपालकों की बैठक मिल्क फैडरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में कृषि व आत्मा द्वारा चयनित डेमोस्ट्रेशन वाले गांव में किसानों के बीच चना वितरण पंजी बीडीओ से 22 दिसंबर को मांग करने के साथ फसल निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। वहीं मोर्चा की अगली बैठक नुतन वर्ष 8 जनवरी को सिंदुवारी गुरुमठ में ही आयोजित करने की बात कही गई। मौके पर महासचिव शिव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष भोला प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष बिरजू यादव, मालेश्वर सिंह, राम कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रामरक्षा सिंह व जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर-14 मुकाबला शुरू, बोले नप अध्यक्ष

# क्रिकेट में बेहतर कर रहा है एसोसिएशन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 14 मुकाबला का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की व विशिष्ट अतिथि पंचायती राज पदाधिकारी बंधन लौंग, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गेंदबाजी तथा बल्लेबाजी कर किया। वही उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि खेल को खेल भावना से खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करे। लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है । वही श्री बंधन लौंग ने कहा कि खिलाड़ी खेल का बेहतर प्रदर्शन कर जिला तथा राज्य का नाम रौशन करे । संघ के अध्यक्ष , सचिव समेत सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों के मेहनत से लातेहार में सालो भर क्रिकेट देखने को मिलता है ।सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया । जहां मुख्य अतिथि सीतामणी तिर्की को संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दिया तो बंधन लौंग को संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने दिया । डीएसओ शिवेंद्र कुमार सिंह को उपाध्यक्ष विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता ने दिया। जेएससीए द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक शशि भूषण चौबे को बंधन लौंग तथा आर्टियो संजय पांडेय को डीएसओ शिवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। मंच संचालन सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया।

### रांची और लातेहार का मैच ड्रॉ

अंतर जिाला जिला क्रिकेट लीग अंडर 14 का उद्घाटन मैच लातेहार तथा रांची के बीच खेला गया ।जिसमें लातेहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में अपने 8 विकेट खोकर 193 रन बना सकी ।जिसमे कुमार शानू 64 , अर्णव सिंह 25 तथा सतीश कुमार ने 25 रन का योगदान दिया ।रांची की ओर से अदनान अली 2 , तौहीद अयान 2 , शिवम राज तथा यश राज ने एक एक विकेट चटकाए ।लक्ष्य कि पीछा करने उतरी रांची ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 193 रन बना सकी ।जिसमे यश राज सिंह 63 प्रिंस राज ने 52 रन का योगदान दिया। लातेहार की ओर से अर्णव सिंह तथा कुमार शानू ने दो दो विकेट चटकाए ।मैच के अंपायर हेमंत ठाकुर तथा मनोज कांजीलाल थे जबकि स्कोरिंग सतीश पांडेय ने किया ।मैन ऑफ द मैच लातेहार के कुमार शानू को पर्यवेक्षक शशि भूषण चौबे द्वारा दिया गया ।

## समस्त प्रकार के विषों का दुश्मन

# ईश्वरमूल



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजलि आरोग्य केन्द्र रेड़मा चौक, डालटनगंज

संस्कृत - अहिगन्ध, अकिमूल, सुनन्दा, अर्कपत्रा, विषापहा, गंधानाकुली, ईश्वरी।
हिन्दी- ईश्वमूल, इसरमूल, रूद्रजटा।
गुजराती- नोलबेल।
बंगाली- ईश्वरमूल, ईश्वरी।
मराठी- सापसन।
तेलगु - गोबिल।
लेटिन - आरिस्टोलोकिया इण्डिका
स्वाद- तिक्त।

**स्वरूप :** काष्टीय लता, शखायें नलाकार धारदार एवं सुगन्धित, पत्ते छायाकार एवं हरे-रंग के पुष्प बतख आकार एवं हरितवर्णी होते है। इसके फल छोटे और गोल होते हैं। इसके बीच चपटे कुछ गोल और तीखी नोकवाले होते हैं। इस औषधि की जड़ सुगन्धित और कड़वी होती है। यह औषधि विशेषकर बंगाल, बिहार, झारखण्ड, कोकण, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के अलावे करीब-करीब देश के हर राज्य में पाया जाता है।

### रासायनिक संगठन

इस वनस्पति में- एरिस्टोलॉकिन के तीन क्षार , तीन मूयात्य अम्ल (एरीस्टीनिक, एरीस्टीडीनिक एवं एरिस्टोलिव अम्ल) इसके अतिरिक्त उड़नशील तेल जिसमें संभवतः बोर्नीऑल पाया जाता है। राल, टैनिन एवं स्टार्च घटक भी पाये जाते हैं।

गुण - बल्य, उत्तेजक, गर्माशय संकोचक, ज्वरहर, शूलहर एवं विषहर है।

उपयोग- आयुर्वेदिक मत से ईश्वरमूल की जड़ कड़वी, कड़वी, कसैली, कृमिनाशक, विषनिवारक ऋतुस्त्राव-निवारक तथा श्वास, खांसी और ह्रदयरोग को नष्टकरनेवाली है। यह त्रिदोष, जोड़ो के दर्द और बच्चों की आंतों की तकलीफ में उपयोगी है।

इसकी जड़ को औटाकर पिलाने से जोड़ों की सूजन उतर जाती है। महिलाओं का रूका हुआ मासिकधर्म इसके क्वाथ को पिलाने से फिर से चालू हो जाता है। इसको घिसकर लगाने से विच्छू के डंक का दर्द भी जाता रहता है। इसकी जड़ गुड़ के साथ उबालकर पिलाने से शिशु प्रसव के समय की वेदना में बहुत लाभ होता है। यह औषधि शक्ति उत्पादन करती है और ज्वर का नाश करती है। इसके पत्तों का रस पिलाने से जलोदर रोग से लाभ होता है।

### यूनानी मत

यूनानी मत से यह औषधि पित्त प्रदाह, सूखी खांसी और जोड़ो के दर्द में लाभदायक है। यह एक प्रकार का विचेरक द्रव्य है। उत्तेजक, पौष्टिक और ऋतुस्त्राव-नियामक गुण के कारण यह औषधि बड़ी उपयोगी है। नपुंसकता को रोकने से अतिप्रभावशाली है ईश्वरी मूल।



### ईश्वरमूल और सांप का जहर

सर्पदंश के सम्बंध में यह औषधि बहुत लम्बे समय से इस देश के कई भागों में प्रसिद्ध रही है। पौराणिक ग्रन्थों के अन्दर भी सर्प-विष नाशक गुण का उल्लेख मिलता है शिव पुराण के अन्दर एक कथा है कि शिव आौर पार्वती के विवाह के समय पर सब देवता इकट्ठे हुये थे। उस समय नारद जी को शिव जी के साथ कुछ मजाक करने की इच्छा हुई और वे जंगल से ईवर मूल बूटी को उखाड़कर लाये और उसको लेकर हिमालय पर पहूंचे। उस समय विवाह का कार्य समाप्त हो चुका था और शिवजी अन्तःपुर में कई स्त्रियों के बीच बैठे हुये थे। नारदजी अपनी वीणा को बजाते-बजाते वहां पहुंच गये और ईश्वरमूल बूटी को चुपचाप शिव जी के पास रख दिया। इसको रखते ही शिवजी के शरीर पर लिपटे हुये सब सांप भागने लगे। जिस सांप से शिव जी ने अपनी कमर के व्याघ्र चर्म को बांध रखा था, वह भी भागा जिससे व्याघ्र चर्म खुलकर शंकरजी दिगम्बर स्वरूप हो गये, जिससे सब स्त्रियां उठकर भाग गई और शिवजी बहुत शर्मायें।

इस कथा में कितना सत्यांश है। उसका विवेचन करने की यहां आश्चकता नहीं। हमारा केवल इतना ही मतलब है कि ईश्वरीमूल यह बहुत प्राचीनकाल से इस देश में सर्प-बिष की अमूल्य औषधि की तरह प्रसिद्ध है। बंगाल के लोगों के इस औषधि का सर्प विषनाशक गुण जितना मालूम है, उतना दूसरे प्रान्त के लोगों को नहीं मालूम है इसलिए यह औषधि वहां के गांवों में बहुत लोकप्रिय है। डाक्टर ब्रिटेन और मिस्टर लोकास इत्यादि कितने ही यूरोपियन डॉक्टरों ने इस औषधि के द्वारा सांप के काटे हुये बहुत से रोगियों को प्राणदान दिया है।

डॉक्टर ब्रिटेन के पास सांप की काटी हुई एक युवती संज्ञाहीन अवस्था ले लाई गई। उसकी नाड़ी की गति बन्द हो चुकी थाी और शरीर बरफ के समान शीतल हो गया था। इस औषधि के तीन पत्ते दस काली मिर्च कि साथ बारीक पीसकर थोड़ पानी के साथ उसका मुह में डाले गये। दवा मुंह पहुंचने के पश्चात दूसरे मनुष्यों की सहायता से उस स्त्री को बिठाया गया। दस मिनट के बाद उसके नीचे के होठ की नाड़ी में कुछ गति होने लगी। रक्त संचालन में सहायता पहुंचाने के लिए कुछ मनुष्यों की सहायता से उस स्त्री को खड़ी करके टहलाना प्रारंभ किया गया। कुछ समय के पश्चात् रोगिणी अपनी पैरों पर खड़ी होने चेष्टा करने लगी। उसके बाद उसने एक लम्बी सांस ली और उसमें चैतन्य का संचार होने लगा। उसके पश्चात् रोगिणी ने चिल्लाकर कहा कि मेरी छाती में जलन हो रही है, तब उसे एक बार फिर औषधि दी गईऔर उसके दंशवाली जगह पर ईश्वरमूल का पत्ता पीसकर लगाया गया। दो घण्टे में वह युवती स्वस्थ हो गई। (जंगली जड़ी बूटी) मतलब यह है कि चरक, वाग्भट्ट इत्यादि प्रचीन और एन्सली, रीड़, राबर्टस-रेवरेन्डस, ब्रिटन, कोमान, नॉडकर्नी, चोपरा इत्यादि आधुनिक चिकित्सकों के मत से ईश्वरमूल की जड़, लकड़ी और पत्ते तीनों सर्पदंश में उपयोंगी है। इनको देने की तरकीब इस प्रकार है। सांप के कांटे हुए स्थान पर तत्काल इसके पत्तों को पीसकर उसका रस मसलना चाहिये और काली मिर्च के साथ पीसकर पानी को मिलाकर पिलादेना चाहिये। अगर रोगी मूर्च्छित अवस्था में हो तो भी इस पानी को किसी प्रकार युक्ति से पिला देने से बड़ा लाभ होता है। अचेतन अवस्था में इसका रस का हाईपोडर मिक्सरिंज से इन्जेक्शन देने से खून में विष को नाश करने में सहायक होता है। जहां पर इसके ताजे पत्ते न मिल सकें, वहां पर इसकी जड़ काम में ली जा सकती है। इसकी जड़ को आधे या एक तोले की मात्रा में 21 काली मिर्च के साथ पानी में पीस छानकर पिलाई जाती है। जरूरत के माफिक 15 मिनट और आधे -आधे घण्टे के अन्दर से इसकी दो-तीन खुराक पिलाई जाती है। यह केवल सांप ही नहीं बल्कि बिच्छु, चूहा, तथा अफिम के विष को भी दूर करती है।

### जानकारी के अनुसार, कुछ वैघ इस औषधि पर काफी कार्य करते आ रहे हैं

वैद्य कामता काशिक राजनांदगांव (छत्तीसगढ) ने इसी वर्ष बरसात में एक युवती को सर्पदंश से काल के गाल में समा चुकी रोगी को इसी औषधि से पुनः प्राणदान दिया है।

### वैद्य गाणु प्रभाकर ग्राम पनडारीखर

महासमुन्द (छत्तीसगढ़) ये भी कई सर्पदंश रोगी को इसी औषधि से प्राणदान दे चुके हैं। वैद्य हैदर खान को कोकराझाड़ आसाम ने भी इस वनस्पती से कई सर्पदंश रोगियों को रोगमुक्त (प्राणदान) कर चुके हैं।

## हाथ का अंगूठा बताएगा, कैसा है आपका स्वभाव

हस्तरेखा के माध्यम से किसी व्यक्ति में बारे में बताया जाता है यह तो आपको पता है। लेकिन क्या आप जानते हैं हाथ के अंगूठे की बनावट से भी व्यक्ति के बारे में बताया जा सकता है। इस लेख के माध्यम से जानते है अंगूठे की बनावट से कैसे किसी के बारे में जान सकते हैं। हिन्दू धर्म में शारीरिक बनावट के आधार पर भी लोगो के गुण-दोष निर्धारित किये जाते हैं। हाथ की रेखाओं से तो भविष्य और उसके स्वभाव के बारे में बताया जाता है।



**सामान्य लचीला अंगूठा :** ऐसे लोग जिनका अंगूठा सामान्य लम्बाई का होता है और ज्यादा लचीला नहीं होता ऐसे लोग बहुत अच्छे माने जाते हैं। ऐसे लोग बहुत बुद्धिमान और चालाक होते हैं। यह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं और अपने काम को पूरी ईमानदारी से करते हैं। ऐसे लोग कला के क्षेत्र में रूचि लेते हैं। यह लोग निस्वार्थ रूप से लोगों की सेवा करते हैं। यह लोग अकेले रहना ज्यादा पसंद करते हैं।

**ज्यादा लचीला अंगूठा :** अगर आपका अंगूठा लचीला है और आसानी से मुड़ जाता है तो आप बेहद कोमल ह्रदय के हैं। ऐसे लोग किसी की सहायता के लिए अपना नुकसान भी कर लेते हैं। यह लोग आसानी से किसी पर भरोसा करते हैं। यह लोग अपनी प्रतिभा का सही उपयोग नहीं कर पाते है। यह लोग एक जगह टिक कर काम नहीं कर पाते हैं। लेकिन अपने कोमल स्वभाव के कारण यह सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**सामान्य लम्बाई का लचीला अंगूठा :** अगर आपका अंगूठा सामान्य रूप से लचीला है और अंगूठे की लम्बाई भी सामान्य है तो आप हर परिस्थिति के अनुसार खुद को बदल लेते हैं। ऐसे लोग बहुत मिलनसार होते हैं और इनके दोस्त भी ज्यादा होते हैं। ऐसे लोगों से सभी जल्दी आकर्षित होते हैं। इन लोगों को सफलता आसानी से मिलती है। यह अपने लक्ष्य को अपनी सरलता के कारण आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

**सीधा अंगूठा :** जिन लोगों का अंगूठा सीधा होता है ऐसे लोग ईमानदार होते हैं। यह लोग किसी भी काम को पूरी ईमानदारी से करते हैं और किसी काम को अधूरा नहीं छोड़ते हैं। यह लोग साफ दिल के होते है।

**ज्यादा लम्बा अंगूठा :** अगर किसी का अंगूठा ज्यादा लम्बा है तो उनको जल्दी सफलता नहीं मिलती है। अगर अंगूठा तर्जनी के दूसरे पोर के बराबर है या उससे ऊपर निकल रहा है तो ऐसा व्यक्ति बहुत चालाक नहीं होता है। ऐसे लोगों को जीवन में बहुत संघर्ष करना पड़ता है।

**कठोर अंगूठा :** जिन लोगो का अंगूठा छोटा और कठोर होता है ऐसे लोग बहुत जिद्दी और अड़ियल स्वभाव के होते हैं। ऐसे लोग किसी का जल्दी भरोसा नहीं करते और अपने काम के प्रति काफी ईमानदार होते हैं। यह लोग किसी की मदद करना जल्दी पसंद नहीं करते हैं।

## चुंबकीय शक्ति का केंद्र है माता कसार देवी का मंदिर

देव भूमि उत्तराखंड में स्थित है माता कसारदेवी का मंदिर। मान्यता है माता कात्यायनी इस मंदिर में स्वयं विराजती हैं। इस मंदिर का निर्माण दूसरी शताब्दी में हुआ था। मंदिर की एक गुफा में स्वामी विवेकानंद ने 1890 में आध्यात्मिक साधना की थी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कसार का मेला लगता है। जिसमे हजारों की संख्या में लोग माता कसार देवी का दर्शन करने आते हैं। कसारदेवी मंदिर के निकट बहुत से बौद्ध आश्रम है जो ध्यान और योग साधना का केंद्र हैं। इस जगह की अलौकिक शक्तियों के चलते बौद्ध विद्वान लामा आंगरिक गोविन्दा ने इसको अपना निवास बनाया था। उत्तराखंड के पहाड़ो में कसार देवी का मंदिर है। यहां पृथ्वी के नीचे चुंबकीय शक्ति का भंडार है। नासा ने भी इस क्षेत्र को जीपीएस 8 स्थापित किया है। यहां कई वैज्ञानिक अनुसंधान भी किये गए है। यहां आपको पाषाण काल के भी अवशेष देखने को मिलेंगे। यह कात्यायनी देवी का मंदिर है। यह मंदिर हिप्पी आंदोलन के दौरान बहुत प्रसिद्द हुआ।



### कैसी है मंदिर की संरचना

यह मंदिर बहुत ही सुंदर है इसकी बनावट सरल और सुरुचिपूर्ण है। यहां देवी माता की मूर्ति है। यहां आपको किसी दैवीय शक्ति का आभास होता है। यह पहाड़ो के बीच बसा हुआ है। यह दूसरी शताब्दी में बना हुआ है यहां आपको एक अलग ही प्रकार ही मानसिक शांति मिलेगी। यहां की प्राकृतिक सुंदरता इस मंदिर की भव्यता में वृद्धि करते हैं। इस मंदिर के भीतर छोटे-छोटे मंदिरो का समूह है जो आपको इस मंदिर के प्राचीन वैभव का आभास कराते हैं।

### मंदिर की खासियत

मंदिर के नीचे चुंबकीय शक्ति का भंडार है। यहां बहुत से वैज्ञानिक अनुसंधान चल रहें हैं। यह मंदिर पूरा रेडिएशन क्षेत्र है। अब तक हुए रिसर्च के द्वारा पता चला है कि कसारदेवी मंदिर और दक्षिण अमेरिका के पेरु में स्थित माचू-पिच्चू व इंग्लैंड के स्टोन हेंग में समानताएं हैं। यह मंदिर अलौकिक शक्तियों से पूर्ण है। मानव के ऊपर इस मंदिर क्षेत्र के रेडिएशन का क्या प्रभाव है इस बात का रिसर्च के द्वारा पता लगाया जा रहा है।

### कहां है कसार देवी मंदिर

कसार देवी का मंदिर उत्तराखंड के अल्मोड़ा के पास स्थित कसार नाम के गांव में है। यह गांव इस मंदिर के कारण बहुत प्रसिद्ध है। यह अल्मोड़ा शहर से आठ किलोमीटर की दूरी पर बसा है। यहां आपको यातायात के साधन आसानी से मिल जाते है। यह अल्मोड़ा-बागेश्वर हाइवे के पास है।

### लगता है भव्य मेला

कसार देवी मंदिर का निर्माण दूसरी शताब्दी का बना हुआ है। यहां आपको उस शताब्दी से संबंधित बहुत से अवशेष देखने को मिलते है। यहां प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कसार का मेला लगता है। जिसमें हजारो संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यहां विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में आते हैं।

### स्वामी विवेकानंद ने की थी यहां आध्यात्मिक साधना

स्वामी विवेकानंद ने कसारदेवी मंदिर में योग साधना की। यह उनके लिए एक अलग आध्यात्मिक अनुभूति थी। जिसके बाद स्वामी जी मानव कल्याण के कार्यो में समर्पित हो गए। स्वामी जी को यहां चुंबकीय शक्ति का आभास हुआ था। बाद में इसका वर्णन उन्होंने अपनी डायरी में भी किया। यह मंदिर योग साधना के लिए विशेष रूप से विख्यात है। इस मंदिर के ऐतिहासिक महत्व का पता इस बात से चलता है कि बाबा नीम करोरी, माता आनंदमयी जैसे संत योग साधना कर चुके हैं।

### कैसे पहुंचे कसारदेवी मंदिर

कसार देवी का मंदिर उत्तराखंड के अल्मोड़ा में है यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम है। यहां से आपको कसारदेवी मंदिर के लिए आसानी से यातायात के साधन मिल जायेंगे। अगर आप हवाई जहाज से यात्रा करना चाहते है तो यहाँ का निकटतम एयरपोर्ट पंतनगर है जो यहां से 124 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दिल्ली से कसारदेवी की दूरी 357 किलोमीटर है। कार्तिक पूर्णिमा का अवसर यहां आने के लिए सबसे अच्छा है। मंदिर सुबह 7 बजे खुलता है और शाम 7 बजे बंद हो जाता है।

## क्या है क्रिब डेथ, कैसे आपके बच्चे के लिए है जानलेवा

सडेन इन्फेंट डेथ जिसे मेडिकल भाषा में क्रिब डेथ कहा जाता है। इसमें नवजात शिशु की नींद में ही मौत हो जाती है। क्रिब डेथ के सही कारण का पता तो अभी तक नहीं चल पाया है लेकिन रिसर्च के मुताबिक यह एक मस्तिष्क दोष है जिसमें शिशु को सांस लेने में तकलीफ होती है। नवजात शिशु की नींद में ही मौत हो जाती है और माता पिता यह नहीं जान पाते शिशु की मौत का कारण क्या है। मेडिकल एक्सपर्ट के मुताबिक शिशु का मस्तिष्क इसका एक कारण हो सकता है। नींद में अगर शिशु को सांस लेने में समस्या है तो उसकी मौत हो सकती है। शिशु के मस्तिष्क का एक हिस्सा उसकी नींद को बैलेंस रखता है यदि यह सही ढंग से काम नहीं करता है तो क्रिब डेथ हो सकती है। इसे एसआईडीएस कहा जाता है।

**एसआईडीएस क्या है :** यह एक तरह का मस्तिष्क विकार है जो शिशु की नींद को प्रभावित करता है। कभी-कभी प्री-मैच्योर बर्थ भी इसका कारण होता है।

**एसआईडीएस के कारण :** प्री मैच्योर बेबी का ठीक से शारीरिक विकास नहीं होता है जिनमे उसका ह्रदय भी शामिल है। अविकसित ह्रदय सांस लेने की क्रिया को सुचारु रूप से नहीं कर पाता जिससे क्रिब डेथ होती है।

- अगर आप शिशु को पेट के बल सुलाते है तो भी क्रिब डेथ हो सकती है क्योकि इससे शिशु को सांस लेने में दिक्कत होती है।
- अगर शिशु को जुकाम हुआ हो और उसके सीने में कफ जमा हो तो क्रिब डेथ हो सकती है।
- अगर नींद में शिशु के ब्रीथिंग में किसी तरह की परेशानी हो तो क्रिब डेथ की स्थिति हो सकती है।
- एसआईडीएस क्या है और यह क्यों होता है इस पर बहुत से रिसर्च किये गए है मेडिकल साइंस ने इसको खतरनाक बताया और इससे बचने के कुछ उपाय बताये हैं

### एसआईडीएस में सावधानियां

- नवजात शिशु को पीठ के बल ही सुलाएं।
- शिशु को पालने में सुला रहे हैं तो उस पर आरामदायक बिस्तर होना चाहिए।
- सोते हुए शिशु के साथ किसी तरह का खिलौना ना रखें।
- सुलाते समय शिशु को किसी मोटी चादर या रजाई से ना ढकें। इससे उसको सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।
- नवजात को 6 महीने तक माँ का दूध ही पिलाये।
- नवजात के कमरे का तापमान 23-25 तक रखें। शिशु को हीटर आग या ब्लोअर या तेज धूप में ना सुलाएं।
- हमारे देश में क्रिब डेथ की संख्या कम है लेकिन इससे बचने के लिए सावधानियां जरुरी है।

**डिस्क्लेमर :** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्च बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

**वृष राशि :** आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन राशि :** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। खर्चों की बढ़ोतरी से मन चिंतित रहेगा।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना भी पड़ सकता है।

**कन्या राशि :** आपसी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**तुला राशि :** बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिल सकता है।

**मकर राशि :** व्यर्थ की परेशानियों से चिंतित रहेंगे। कारोबार में वृद्धि हो सकती है, परन्तु कुछ कठिनाइयां अभी बनी रहेंगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। माता-पिता का सानिध्य मिल सकता है।

**मीन राशि :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

